Title: Need to provide stoppage of Express trains at Bilha and Janjgir railway stations in Bilaspur and Janjgir districts, Chhatisgarh-Laid.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सर, छत्तीसगढ़ राज्य जिला बिलासपुर एवं जिला जांजगीर कोरबा की ओर चलने वाली दूरगामी रेलगाड़ियों के स्टॉपेज नहीं होने के कारण आम नागरिक दिनभर लोकल गाड़ी के इंतजार में अपना पूरा समय गंवा बैठते हैं। कभी गाड़ी लेट होने के कारण समय पर अपने कार्य हेतु गंतव्य स्थान पर नहीं जा पाते। उनका आवश्यक काम रुक जाता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि निम्न गाड़ी का स्टॉपेज किया जाए एवं आगे स्टॉपेज पर रेलगाड़ी बढ़ाई जाएः-

1. सारनाथ एक्सप्रेस दुर्ग-छपरा के बिल्हा स्टेशन पर रोकी जाए।
2. लिंक एक्सप्रेस कोरवा विशाखापट्टनम को बिल्हा स्टेशन एवं जांजगीर पर रोका जाए।
3. चिरमिरी - बिलासपुर चलने वाली रेलगाड़ी लेकल को चिरमिरी से बिलासपुर रायपुर तक बढ़ाया जाए।